प्रभात खबर
अखबार नहीं आंदोलन

75% उपस्थिति नहीं रहने पर परीक्षा से हो जायेंगी वंचित

देवघर. रमा देवी बाजला महिला कॉलेज देवघर द्वारा सभी संकाय के यूजी व इंटर प्रथम वर्ष की छात्राओं से नियमित कक्षा में शामिल होने की अपील की गयी है. प्राचार्य डॉ सुचिता कुमारी के हवाले से कॉलेज के मीडिया प्रभारी डॉ पीसी दास ने बताया कि कॉलेज प्रशासन ने यह निर्णय लिया है कि सभी संकाय की छात्राएं, जिनकी 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति रहेगी उन्हें आंतरिक परीक्षा में शामिल होने नहीं दिया जायेगा. ऐसे में सभी संकाय की छात्राओं से अपील की गयी है कि सभी अपने -अपने वर्ग तालिका के अनुसार नियमित कक्षा करने पहुंचें. नियमित कक्षा करेंगे तो उन्हें फायदा होगा.